बाबा का नाम जप ले

बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से क्या मिलेगा,
बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा.....

दुनियां के रिश्ते नातो में,
ना तेरा कोई अपना,
ये हारे का सहारा,
बस इनका नाम जपना,
सब द्वार बंद होंगे,
ये दर खुला मिलेगा,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से क्या मिलेगा,
बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा.....

कितना छुपा ले दामन,
ये देख सब रहा है,
नेकी बदी को तेरी,
ये हर पल लिख रहा है,
जिस दिन हिसाब लेगा,
उसे क्या जवाब देगा,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से क्या मिलेगा,
बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा......

दौलत हो या हुकुमत,
ताकत हो या जवानी,
हर चीज मिटने वाली,
हर चीज आनी जानी,
ये सब ग़ुरूर एक दिन,
माटी में जा मिलेगा,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से क्या मिलेगा,
बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा......

बाबा का नाम जप ले,

तुझे आसरा मिलेगा,
दुनियां से दिल लगा के,
दुनिया से दिल लगा के,
दुनिया से क्या मिलेगा,
बाबा का नाम जप ले,
तुझे आसरा मिलेगा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28452/title/baba-ka-naam-jap-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |